Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rail connectivity in Gopalganj Parliamentary Constituency-laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज की ओर आकष्ट करना चाहता हू । मेरे क्षेत्र से डायरेक्ट कोई भी ट्रेन दिल्ली, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर के लिए नहीं है जबकि इसके लिए हमने कई बार रेल मंत्रालय को पत्र लिखकर आग्रह भी किया है । हमारे क्षेत्र से मरीजों को इलाज कराने के लिए बनारस एवं दिल्ली, ऐम्स तथा छात्रों को पढ़ने के लिए वाराणसी, दिल्ली एवं तीर्थयात्रियों को बाबा विश्वनाथ के मंदिर वाराणसी एवं श्री रामचंद्र जी की नगरी अयोध्या का सीधा सम्पर्क क्षेत्र के माता थावे वाली का प्रसिद्ध मंदिर से हो जाएगा । हमारे क्षेत्र के 26 लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा ।

मैं यहां बताना चाहूंगा कि पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के चीफ मैनेजर ट्रान्सपोर्टेशन मैंनेजर (सीपीटीएम) ने प्रस्ताव 6 सितम्बर 2021 को रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक कोचिंग के पास ट्रेन नंबर 15053/15054 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस और 15083/15084 छपरा फरुर्खाबाद एक्सप्रेस का एक्सटेंशन थावे तक करने के लिए भेजा है लेकिन अभी तक रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा निर्णय नहीं लेने से थावे तक इनका एक्सटेंशन नहीं हो सका है ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि छापरा लखनऊ एक्सप्रेस और छपरा फरूर्खाबाद एक्सप्रेस का एक्सटेंशन थावे जंक्शन तक एवं ट्रेन नम्बर 15113/15114 छापरा कचहरी गोमती नगर का एक्सटेंशन दिल्ली तक किया जाए ।